# मलेरिया के उन्मूलन से कुपोषण और एनीमिया से मिलेगी मुक्ति- भूपेश बघेल

» दंतेवाड़ा में आयोजित 'मलेरिया मुक्त बस्तर' अभियान में शामिल हुए मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि बस्तर दुनिया के सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है और उससे भी ज्यादा अच्छे यहां के लोग हैं। सब कुछ अच्छा होने के बावजूद यहां कुछ कमियां है। इनमें कुपोषण, एनीमिया और मलेरिया प्रमुख है। उन्होंने कहा कि मलेरिया से पीड़ित होने पर शरीर के पोषक तत्वों में कमी हो जाती है, जिससे एनीमिया और कुपोषण जैसी समस्याएं उत्पन्न होती है। इसलिए यदि मलेरिया का उन्मूलन कर दिया जाए तो एनीमिया और कुपोषण से भी मुक्ति मिल सकती है। मुख्यमंत्री श्री बघेल आज दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाईन में आयोजित मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह हो सम्बोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कुपोषण को दूर करने के लिए जून 2019 से हम मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान चला रहे हैं, जिसे आप सबकी भागीदारी से अच्छी सफलता मिल रही है। उन्होंने कहा कि 15 जनवरी से पूरे बस्तर संभाग में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान शुरू किया गया है, जिसमें आप सभी की भागीदारी जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मलेरिया के सर्वाधिक प्रकरण बस्तर संभाग में पाए जाते हैं इसलिए यह अभियान बस्तर से शुरू किया गया है। आजकल देखने में यह आया है कि मलेरिया होने के बावजूद भी इसके लक्षण दिखाई नहीं देते। इसलिए सभी को चाहे बुखार हो या ना हो मलेरिया की जांच अवश्य करानी चाहिए, तभी हम बस्तर को मलेरिया मुक्त बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कार्यकर्ता विपरीत भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद हर गांव और घर तक पहुंच रहे हैं। इन कार्यकर्ताओं का सहयोग कर अभियान में भागीदार बनें। उन्होंने मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान में लगे सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बधाई दी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि अभियान के दौरान मलेरिया की जांच और उपचार तो हो ही रहा है। यह कोशिश की जानी चाहिए कि मलेरिया को होने ही नहीं दिया जाए। इसके लिए घर के आसपास सफाई और मच्छर के लार्वा को नष्ट करें। इसके साथ ही सभी लोग मच्छरदानी लगाकर सोने की आदत डालें। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को मलेरिया मुक्त बस्तर बनाने की शपथ दिलाई।

उद्योग एवं वाणिज्यिक कर मंत्री श्री कवासी लखमा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। श्री लखमा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल हर बड़े अभियान या कार्यक्रम की शुरुआत बस्तर से करते हैं। चाहे मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान हो या मुख्यमंत्री हाट बाजार योजना। अब मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान की शुरुआत भी बस्तर से की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जो भी अभियान और कार्यक्रम शुरू करते हैं वह सफल होता है। यह कार्यक्रम भी आप सबकी भागीदारी से सफल होगा।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कोटपा एक्ट के तहत उल्लंघन पाए जाने पर की गई चालानी कार्रवाई

**धमतरी।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के प्रावधानों के क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले में स्थित स्कूल परिसर से 100 गज के दायरे में आने वाले तम्बाकू, पान मसाला के थोक, चिल्हर विक्रेताओं एवं सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। इसके तहत जिले के कुल 285 शासकीय एवं निजी स्कूल के 100 गज की दायरे में आने वाले लगभग 174 प्रतिष्ठान, दुकान, होटल के विरूद्ध कोटपा एक्ट 2003 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर मौके पर 24,840 रूपए की चालानी कार्रवाई कर अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। साथ ही उन्हें तम्बाकू के सेवन से होने वाले रोग जैसे तंबाकू से कैंस होना, तम्बाकू से मौत के बारे में विस्तृत रूप से समझाईश दी गई और धान 6 के तहत तंबाकू उत्पाद बेचने वालों को भी चेतावनी बोर्ड लगाकर सूचना दी गई कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों को तम्बाकू की बिक्री नहीं करनी है।

### ग्राम जरवाय से किशोर लापता

» परिजनों ने अपहरण की जतायी आशंका

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के कबीरनगर थाना क्षेत्र के ग्राम जरवाय से 23 जनवरी से एक किशोर लापता है। परिजनों ने उसके अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में उसके गुम होने की सूचना दी है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जरवाय निवासी एक व्यक्ति ने अपने 13 वर्ष के लड़के का 23 जनवरी को सुबह 10 बजे से लापता होने की सूचना पुलिस को दी है। प्रार्थी ने आशंका जतायी है कि अज्ञात दो लोग उसके लड़के को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गये है। पुलिस ने फिलहाल गुम इंसान का प्रकरण बना लापता किशोर का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### विद्युत कंपनी के स्टोर रूम से चोरों ने उड़ाए 40 हजार के बिजली सामान

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कंपनी के स्टोर रूम में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर 40 हजार रूपये कीमत के बिजली सामान चोरी कर ले गये। रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र स्थित छग राज्य पावर वितरण कंपनी उप संभाग के स्टोर रूम का अज्ञात चोरों ने 23 जनवरी को रात करीब 7.20 बजे ताला तोड़कर अंदर रखे स्वीच, क्लेम्प, एंगल चोरी कर ले गये। चोरी गए सामानों की कुल कीमत 40 हजार रूपये आंकी गई है। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधान सभा भवन नागरिकों के लिए खुला रहेगा

**रायपुर (आरएनएस)।** विधान सभा सचिवालय में 26 जनवरी 2020 को गणतंत्र दिवस उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। विधान सभा परिसर में प्रातः 8.30 बजे ध्वजारोहण होगा। गणतंत्र दिवस के अवसर पर विधान सभा भवन नागरिकों के लिए प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक खुला रखा गया है।

### देशी-अंग्रेजी शराब की तस्करी कर ले जाते दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** रायपुर जिले के नेवरा थाना क्षेत्र पुलिस ने देशी और अंग्रेजी शराब की तस्करी कर ले जाते दो युवको को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शिवलाल कहर पिता विसालिया 28 वर्ष एवं उतन बर्मन पिता मन्नु 27 वर्ष 24 जनवरी को दोपहर करीब 02 बजे ग्राम बहेसर सासाहोली के पास पिकअप वाहन क्र.एमपी65जीए1114 में शराब तस्करी कर ले जाते हुए पकड़ा। आरोपियों के पास से 900 पाव अंग्रेजी एवं 3600 पाव देशी शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट 34,2 के तहत कार्रवाई की जा रही है।

### चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** शहर के पुलिस लाईन गेट के पास स्थित शराब दुकान के पास शुक्रवार को शाम 6 बजे अवैध रूप से चाकू लेकर घूमकर आम लोगों को आतंकित करते पाये जाने पर बालमुकुंद तिवारी 28 वर्ष को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## असहाय वृद्ध का अंतिम संस्कार एनजीओ-पुलिस की मदद से किया गया

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले के किरंदुल नगर में पिछले कई दिनों से एक असहाय वृद्ध व्यक्ति कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहा था, जिसके चलते उसकी मृत्यु हो गई। असहाय वृद्ध का कोई नहीं था जिसके चलते उसके अंतिम संस्कार के लिए एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर पुलिस की सहायता से आगे आकर शुक्रवार को सामूहिक समशन घाट में अंतिम संस्कार किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार असहाय वृद्ध के संबंध में जानकारी मिलने पर एनजीओ कलिंगा सोशल वेलफेयर के प्रमुख रवि कुमार दुर्गा को मिली वे मानवता का परिचय देते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर इसकी तत्काल सूचना नगर पुलिस को दी और पुलिस बल भी समय पर पहुंचकर मृतदेह को एनएमडीसी परियोजना हॉस्पिटल के मरच्यूरी में रखावाया तथा शुक्रवार को सामूहिक शमसान घाट में विधिवत रूप से आरके दुर्गा और पुलिस बल उस असहाय मृत देह की परिवार बनकर श्रध्दांजलि दिया और उसकी मृत आत्मा की शांति के लिये दो मिनट का मौन भी धारण किया। नगर प्रशासन का भी बड़ा सहयोग रहा।

### डीआई वाहन की चपेट में आने से बच्चो की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के धरसींवा इलाके में डीआई वाहन ने एक बच्चे को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। धरसींवा थाना पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल शाम ग्राम पवनी में राम सीता मंदिर के पास ढाई वर्ष का मृतक देवास साहू अपनी बड़ी बहन के साथ जा रहा था। इसी दौरान डीआई वाहन सीजी13एल0711 का चालक टिकेश्वर निषाद ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए देवास को अपनी चपेट में ले लिया।

## बिना अनुमति के केबल बिछा रही आईडिया कंपनी पर निगम ने की कार्रवाई

» केबल बिछाने में लगी मशीन एवं सामान किए जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** नगर निगम के निवेश विभाग द्वारा आज बिना अनुमति के केबल बिछा रहे आईडिया कंपनी पर कार्रवाई करते हुए उनके सामान व मशीन को जब्त करने की कार्रवाई की गई।

नगर निगम सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम रायपुर के जोन 5 नगर निवेश विभाग को शिकायत मिली कि माधव राव सप्रे वार्ड के रायपुरा इलाके में सत्यम विहार रोड मिनी टाकीज व महाकाल कंस्ट्रक्शन दुकान के पास बिना अनुमति लिए आईडिया कंपनी प्रबंधन द्वारा केबल बिछाने का कार्य किया जा रहा था।



जोन कमिश्नर अरूण कुमार ध्रुव के नेतृत्व व जोन नगर निवेष उपअभियंता सैय्यद जोहेब की उपस्थिति आज जब मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया तो शिकायत सही पायी गई, जिसके बाद तत्काल कार्य को रूकवाया गया और बिछाने में लगे आईडिया कंपनी की बड़ी मशीन, स्टापर, लगभग 70 फीट डक्ट केबल का बंडल, घन, रापा, कुदाली, सब्बल को जब्त करने की कार्रवाई की गई। साथ ही कंपनी को नोटिस जारी कर इस मामले में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

## सावधिक आकलन के प्रश्न पत्र अब एप पर ही भेजे जाएंगे

» एप पर पासवर्ड से ही खुलेंगे प्रश्न पत्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षा की समान गुणवत्ता और प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुंच के उद्देश्य से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा पहली से आठवीं तक बच्चों का राज्य स्तरीय आकलन किया जा रहा है। यह आकलन तीन स्तरों पर रचनात्मक (फारमेटिव) आकलन, सावधिक (पेरियोडिक) आकलन और सत्र में दो बार योगात्मक (समेटिव) आकलन किया जा रहा है। राज्य में कक्षा पहली से आठवीं तक होने वाले द्वितीय सावधिक, योगात्मक आकलन के प्रश्न पत्र स्कूलों में टीम्स-टी एप के माध्यम से भेजे जाएंगे। प्रश्न पत्र में सुरक्षा के उपाय भी किए गए हैं। प्रश्न पत्र खोलने के लिए निर्धारित पासवर्ड होगा। पासवर्ड को एप पर भेजा जाएगा। प्रश्न पत्र विशिष्ट कोड में रूपांतरित होंगे। यह प्रश्न पत्र encrypt-ed होंगे। जो निर्धारित पासवर्ड से ही प्राप्त किए जा सकेंगे। प्रश्न पत्र पासवर्ड के बिना नहीं खुलेंगे। विद्यालयीन आकलन प्रभारी इन्हें फोटो कॉपी करवा सकते हैं या सुविधानुसार ब्लैक बोर्ड पर लिखवा सकते हैं। इस प्रकार प्रश्न पत्रों की पहुंच समय पर सुनिश्चित की जा सकेगी। शिक्षा में गुणवत्ता के लिए लागू एक नयी व्यवस्था के माध्यम से प्रत्येक बच्चे का कक्षावार एक-एक विषय का आकलन किया जा रहा है। कक्षाओं में नियमित रूप से दिन-प्रतिदिन सीखने की प्रगति के लिए किया जाने वाला रचनात्मक शिक्षकों की सहायता हेतु सुझावात्मक गतिविधियां विद्यालयों में प्रेषित करना।

## राज्य सूचना आयुक्त ने मतदाता दिवस पर अधिकारी.-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**रायपुर (आरएनएस)।** भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। मतदाता दिवस के अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त मोहन राव पवार ने आयोग के सभी अधिकारी और कर्मचारियों को लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए मतदान करने की शपथ दिलाई ।



श्री पवार ने कहा कि भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी ष्भारत निर्वाचन आयोग की होती है। भारत निर्वाचन आयोगष् का गठन भारतीय संविधान के लागू होने से एक दिन पहले 25 जनवरी, 1950 को हुआ था। क्योंकि 26 जनवरी 1950 को भारत एक गणतांत्रिक देश बनने वाला था और भारत में लोकतान्त्रिक प्रक्रियाओं से चुनाव कराने के लिए निर्वाचन आयोग का गठन जरूरी था, इसलिए 25 जनवरी 1950 को भारत निर्वाचन आयोग गठन हुआ है। उन्होंने कहा कि यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिएए क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता हैए इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। पवार ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्रए निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण रखते हुएए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस अवसर पर राज्य सूचना आयोग के अवसर सचिव श्रीमती आभा तिवारी, संयुक्त संचालक धनंजय, स्टाफ आफिसर्स एम कल्याणी, अशोक तिवारी, एके सिंह सहित आयोग के अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### 5 किलो आईईडी सहित एक गिरफ्तार



**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जवानों ने एक बार फिर नक्सलियों के मनसुबों पर पानी फेर दिया है। शुक्रवार की शाम को सुरक्षा जवानों ने चिकपाल रोड से कटेकल्याण थाना से एक युवक को 05 किलो का आईईडी प्लांट करते गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि चिकपाल ग्राम के मुख्य सड़क पर डीआरजी के जवाह सर्चिंग पर निकले थे। इसी दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति सड़क की खुदाई कर रहा था। जवानों को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन जवानों ने संदिग्ध युवक को धर दबोचा।

### गणतंत्र दिवस पर कल मांस-मटन विक्रय की दुकानें बंद रहेंगी

**रायपुर (आरएनएस)।** गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मांस-मटन विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। इस दिन कोई भी मांस-मटन की दुकानें खुली या बिक्री करने पाया गया तो दुकान मालिकों के खिलाफ नगर निगम द्वारा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राजधानी रायपुर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को शतप्रतिशत रूप से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के साथ महात्मा गॉधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी के पावन अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है।

## नकली नोटो से ओएलएक्स के जरिये ठगी करने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई (आरएनएस)।** 25 दिन पहले इंजीनियरिंग की छात्रा ने ओएलएक्स में अपने पुराने मोबाईल को बेचने के लिए विज्ञापन डाला। कीमत 10,500 रू. रखा गया। एक व्यक्ति ने उस मोबाईल को खरीदने के लिए छात्रा से बात की। सौदा 9500 रूपये में ऑन लाईन चैटिंग के जरिये से तय हो गया। खरीदने वाले व्यक्ति ने कहा मैं शाम वक्त मोबाईल को डिलिवरी लेने आउंगा। छात्रा शाम 5:30 बजे सिविक सेंटर के बाटा शोरूम के पास पहुंच गई उसके पास मोटर सायकल में एक व्यक्ति आया उस व्यक्ति ने छात्रा के हाथ में नोटो की गड्डी रखी और उससे मोबाईल लेकर तुरंत वहां से निकल गया। थोड़ी देर बाद जब लड़की ने नोटो को गिनना शुरू किया तो उसे नोटो के नकली होने का आभाश हुआ। 500-500 के 19 नोट उस व्यक्ति ने दिए थे। छात्रा के साथ गई अपनी मां को उन नोटो को दिखाया तब पता चला वो सारी नकली नोट थे। जिस मोबाइल नंबर के जरिये उस व्यक्ति से बात हुई थी वह नंबर उस व्यक्ति ने तुरंत बंद कर दिया था। इसी तरह की एक अन्य वारदात 13 जनवरी को शाम करीबन 08:00 बजे सुपेला थाना क्षेत्र में घटित हुई। जिसमें संतोष प्रजापति नामक व्यक्ति ने भी ओएलएक्स में अपने मोबाईल को बेचने का विज्ञापन दिया था।




## लोकसभा निर्वाचन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 अधिकारी पुरस्कृत

» निर्वाचन कार्यों के समग्र संपादन के लिए बीजापुर और 'स्वीप' में अच्छे कार्य के लिए धमतरी को पुरस्कार

**रायपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर आज यहां पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में लोकसभा निर्वाचन-2019 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 10 अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2019 में समग्र रूप से निर्वाचन कार्यों के संपादन में उत्कृष्ट कार्य के लिए बीजापुर और 'स्वीप' गतिविधियों के बेहतरीन संचालन के लिए धमतरी जिले को पुरस्कार दिया गया। धमतरी के कलेक्टर श्री रजत बंसल और बीजापुर के उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुरेन्द्र कुमार ठाकुर ने अपने-अपने जिले की तरफ से ये पुरस्कार ग्रहण किए। मुख्य सूचना आयुक्त श्री एम.के. राऊत के मुख्य आतिथ्य, राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह के विशिष्ट आतिथ्य, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. के.एल. वर्मा की अध्यक्षता तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले की मौजूदगी में गौरवशाली ढंग से आयोजित समारोह में लोकसभा निर्वाचन-2019 में विषम परिस्थितियों में मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के तत्कालीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सचिन भूतड़ा को विशेष जूरी पुरस्कार प्रदान किया गया।



SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU